प्रीलिम्स फैक्ट्स : 30 जनवरी, 2019

drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-facts-30-01-2019

राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग (NSC)

- रंगराजन आयोग ने 2001 में भारतीय सांख्यिकीय प्रणाली की समीक्षा करते हुए राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग (National statistics commission-NSC) की स्थापना की सिफारिश की थी। जिसके तहत 2005 में एक प्रस्ताव के माध्यम से सरकार ने NSC की स्थापना कर दी थी।
- NSC सांख्यिकीय मामलों पर सर्वोच्च सलाहकारी निकाय है क्योंकि इसका गठन सांख्यिकीय मामलों में नीतियों, प्राथमिकताओं और मानकों को विकसित करने के लिये ही किया गया था।
- NSC में एक अध्यक्ष के अलावा चार सदस्य होते हैं, जिनमें से प्रत्येक सदस्य निर्दिष्ट सांख्यिकीय क्षेत्रों में विशेषज्ञ और अनुभवी होता है।

रत्न और आभूषण के लिये घरेलू परिषद

- वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने रत्न और आभूषण के लिये एक घरेलू परिषद (Domestic Council for Gems & Jewellery) के गठन की घोषणा की है। इसका उद्देश्य रत्न और आभूषण उद्योग के घरेलू व्यापारिक हितधारकों को एक छत के नीचे लाना है ताकि वे इस क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देने हेतु एकीकृत दृष्टिकोण विकसित कर सकें।
- यह परिषद पहले से मौजूद बड़े घरेलू बाज़ार में नए अवसरों को भुनाने में मदद करेगी।
- सरकार का मूल उद्देश्य इस असंगठित क्षेत्र को संगठित तथा संरचित बनाना है ताकि अतिरिक्त रोज़गार के अवसर सृजित किये जा सकें।
- 2018 तक रत्न और आभूषण का खुदरा घरेलू कारोबार लगभग 4 लाख करोड़ रूपए का रहा है। वर्तमान में यह क्षेत्र चुनौतीपूर्ण स्थिति से गुज़र रहा है।
- रत्न और आभूषण के निर्यात में आभूषण की हिस्सेदारी कम है और उक्त परिषद इस हिस्सेदारी को बढ़ाने पर ध्यान देगी।

पर्यावरण, सामाजिक और शासन (ESG) कोष:

- क्रांटम सलाहकारों के साथ साझेदारी में टाटा समूह के तीन पूर्व अधिकारी 1 बिलियन डॉलर का पर्यावरण, सामाजिक और शासन (Environment, Social and Governance-ESG) कोष जारी करेंगे।
- यह कोष उन भारतीय कंपनियों में निवेश करेगा जो पर्यावरण, समाज और कॉर्पोरेट प्रशासन को महत्त्व देते हों।
- प्रस्तावित संयुक्त उद्यम लंबी अवधि के उन विदेशी निवेशकों, जैसे- पेंशन फंड, सॉवरेन वेल्थ फंड और हाई नेटवर्थ इंडिविज़ुअल (High Networth Individuals-HNIs) से धन जुटाएगा जो पर्यावरण, समाज और कॉर्पोरेट प्रशासन

को महत्त्व देते हैं।

अटल सेतु (Atal Setu)

- हाल ही में गोवा में मांडोवी (Mandovi) नदी पर अटल सेतु का उद्घाटन किया गया है।
- यह राज्य की राजधानी पणजी को उत्तरी गोवा से जोड़ने वाला 5.1 किलोमीटर लंबा केबल स्टे (स्टील की केबल के सहारे लटका हुआ) ब्रिज है।
- मांडोवी, जिसे महादयी नदी के नाम से भी जाना जाता है, कर्नाटक के उत्तरी भाग के लिये काफी महत्त्वपूर्ण है। यह नदी कर्नाटक के बेलगाँव ज़िले में उत्पन्न होती है और महाराष्ट्र तथा गोवा से गुजरती हुई अरब सागर में जा मिलती है।